Jagran

Appointment letters not given to selected candidates for VDO posts

संवाद सहयोगी, उत्तरकाशी : उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग के तहत ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) भर्ती के परिणाम घोषित किए छह माह बीत गए हैं लेकिन, चयनित अभ्यर्थियों को अभी तक नियुक्ति नहीं मिली है। इससे अभ्यर्थियों में आक्रोश है। नियुक्ति पत्र जल्द जारी न करने पर अभ्यर्थियों ने कोर्ट जाने की धमकी दी है।

उत्तराखंड चयन आयोग की ओर से छह मार्च 2016 को वीडीओ परीक्षा हुई थी। परिणाम 29 मार्च को 196 पदों का परिणाम भी घोषित कर दिया गया। इसके बाद 15 से 19 अप्रैल 2016 को सभी चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन भी कर दिया गया। लेकिन, आज छह माह बाद भी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नहीं मिला है। इससे बेरोजगारों के सामने रोजगार की समस्या खड़ी हो गई है। चयनित अभ्यर्थियों का कहना है कि कुछ लोगों ने परीक्षा में धांधली की शिकायत की थी, जिसकी जांच भी हुई। जांच में कोई गड़बड़ी सामने नहीं आने के बावजूद अभी भी उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं दिया जा रहा है। कहा कि धांधली के आरोप के चलते पहले प्रमुख सचिव कार्मिक राधा रतूड़ी व उसके बाद अपर मुख्य सचिव डॉ. रणवीर ¨सह की अध्यक्षता में समिति गठित कर जांच करवाई गई। उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग के अध्यक्ष आरबीएस रावत भी पत्रकार वार्ता में कह चुके हैं कि ग्राम विकास अधिकारियों की लिखित परीक्षा के दौरान जांच में कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। चयनित अभ्यर्थी प्रवीन रावत, मीनाक्षी, सुष्मिता, दीपिका, पूनम, मनोज, भास्कर, विमल, किशोर, दिपक, इन्द्र ¨सह, भूपेन्द्र ¨सह, कमल, सूर्यपाल का कहना है कि नियुक्ति पत्र न मिलने से चयनित अभ्यर्थी मानसिक तौर पर परेशानी महसूस कर रहे हैं। वह कभी भी कोर्ट का रास्ता अख्तियार कर सकते हैं।